# 36. विज्ञापन-लेखन

विज्ञापन का अर्थ है– जानकारी देना। आजकल उत्पादक अपने उत्पादों को बेचने के लिए आकर्षक विज्ञापनों द्वारा उपभोक्ता को लुभाते हैं। विज्ञापन किसी भी वस्तु, कार्यक्रम या घटना से संबंधित हो सकते हैं। इन्हें आमतौर पर सार्वजनिक स्थलों पर लगाया जाता है।

## शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को विज्ञापन-लेखन के बारे में विस्तार से समझाएँ।
- विज्ञापन-लेखन की परिभाषा से अवगत करवाएँ।
- विज्ञापन लिखते समय ध्यान रखने योग्य बातें बताएँ।
- छात्रों को विज्ञापन के विभिन्न माध्यमों के बारे में समझाएँ। इनके उदाहरण भी दे सकते हैं।
- पाठ पृष्ठ 266-267 पर दिए गए उदाहरणों को पढ़वाएँ।
- छात्रों को विभिन्न विषयों पर विज्ञापन बनाने के लिए प्रेरित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि सभी छात्र विषय को सही प्रकार से समझ गए हैं।
- श्यामपट्ट पर विज्ञापन बनाकर दिखाएँ।
- दिया गया अभ्यास करवाएँ एवं जाँचें।